<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

स्वयं सहायता समूहों के स्टाल मेले रहे आकर्षण का केन्द्र

निदेशक संचार एवं किसान मेला समन्वयक, डा. एस.के. बंसल ने बताया कि 111वें किसान मेले में उत्तराखण्ड के अलग–अलग जिलों से लगभग 20 स्वयं सहायता समूह एवं लघु उद्योग इकाईयों ने अपने स्टाल लगाये गये हैं। इन स्टालों में खाद्य प्रसंस्करित उत्पाद, जैसे पहाड़ी दालों से निर्मित नमकीन, पापड़, आचार, जैम, चटनी, चिप्स, मल्टीग्रेन व मंडुवे का आटा, पहाड़ी दालें, जम्बू–गंधरैणी, तिमुर, काला भट, पहाड़ी राजमा मुख्य आकर्षण का केन्द्र बनी। इसके अलावा हथकरघा द्वारा निर्मित मोड़े, कंडिया, कपड़े के शॉपिंग बैग, अंगोरा के शॉल, स्टोल, टोपी, दस्ताने के अलावा अन्य साज–सज्जा की वस्तुओं को भी आगन्तुकों ने खूब सराहा।